# छह अंकों से सर पदमपत सिंहानिया स्कूल आगे

कानपुर। चौबेपुर के तातियागंज स्थित विन्यास पब्लिक स्कूल में गुरुवार को केएसएस जोन-ए कक्षा 6 से 8 बालक वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में सीबीएसई जोन-बी के 19 विद्यालयों के 95 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक वरुण कटियार ने किया। पहले दिन तीन राउंड के मुकाबले हुए। तीन राउंड की समाप्ति के बाद सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर छह अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्कूल पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर। प्रतियोगिता की मुख्य निर्णायक रूपा शुक्ला रहीं। जबकि, कमल खेमानी, अजीत विश्वकर्मा, अलीम अंसारी ने सहायक निर्णायक की भूमिका निभाई।